दिनांक 12 अगस्त 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयन एक्सचेंज एजेंसी करेगी बीएसपी के डब्ल्यूटीपी में केमिकल से पानी शुद्धिकरण का कार्य, केमिकल डोसिंग का तरीका बदलेगा, नई एजेंसी उन्नत तरीके से पानी शुद्धिकरण की प्रक्रिया पर करेगी कार्य , एजेंसी ने उच्च गुणवत्ता का पेयजल प्रदाय करने का किया दावा- निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने फिल्टर प्लांट पहुंचकर पानी शुद्धिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की ली जानकारी , शुद्ध पेयजल के लिए त्वरित कार्य करने पर दिया जोर

भिलाई नगर/ बीएसपी ने पानी शुद्धिकरण के लिए आयन एक्सचेंज एजेंसी को काम सौंपा है! एजेंसी ने इस पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है! यह एजेंसी शुद्धीकरण प्रक्रिया को उन्नत तकनीक से करेगा, जिसमें केमिकल को एजिटेटर के माध्यम से दिया जाएगा! केमिकल के लगातार सुनिश्चित फ्लो के लिए पंप और मोटर का सेटअप लग चुका है! पैरामीटर की लगातार मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था की गई है! उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने बीएसपी प्रबंधन से कहा था कि अगर नाल्को एजेंसी सप्लाई करने में सक्षम नहीं है तो दूसरी एजेंसी से काम कराएं जिस पर बीएसपी ने कैमबोंड को काम दिया था! परंतु अब शुद्धीकरण प्रक्रिया के लिए आयन एक्सचेंज को काम दिया गया है! टाउनशिप में शुद्ध पेयजल के लिए कलेक्टर श्री भुरे बीएसपी के अधिकारियों से लगातार फीडबैक ले रहे हैं, आम जनता को शुद्ध पेयजल प्रदाय करने हर स्तर पर कार्य करने के निर्देश उन्होंने बीएसपी प्रबंधन को दिए हुए हैं! पानी शुद्धिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी लेने आज निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी बीएसपी के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे , उन्होंने केमिकल हाउस में पहुंचकर बीएसपी के अधिकारियों से चर्चा की! बीएसपी के जलकार्य विभाग के अधिकारी श्री विजय शंकर राय ने निगम आयुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि नई एजेंसी आयन एक्सचेंज को केमिकल डोजिंग का कार्य दिया गया है! एजेंसी नई तकनीक से कार्य करेगी! पहले केमिकल की डोजिंग की सिस्टम ग्रेविटी पर आधारित था , एक निर्धारित मात्रा में केमिकल सीधे दिया जा रहा था, परंतु अब एजिटेटर के माध्यम से केमिकल डोज दिया जाएगा! जिससे केमिकल का डोज कांस्टेंट एक समानता से होगा! उन्होंने आगे बताया कि एजेंसी ने दावा किया है कि उच्च गुणवत्ता की पेयजल इसके बाद मिल सकेगी! आयन एक्सचेंज एजेंसी तीन प्रकार के केमिकल का उपयोग पानी शुद्धिकरण के लिए करेगा! 1 महीने के केमिकल कंटेनर का पूरा स्टॉक आ चुका है!

जनसंपर्क अधिकारी